हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 18 जुलाई 2024

[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]

04 नगर के वार्ड 3 से बच्चा चुराकर भागी किशोरी...



07 शिकायत: पर्याप्त बिजली न मिलने से धान की...



## खबर संक्षेप

### राजस्व महाअभियान का जायजा लेंगे राजस्व मंत्री

**विदिशा।** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा गुरुवार को विदिशा में राजस्व महाअभियान 2.0 एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा करेंगे। बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि राजस्व मंत्री दोपहर 12.30 बजे भोपाल से रवाना होकर दोपहर 2 बजे विदिशा में कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में राजस्व अधिकारियों के कार्यों का जायजा लेंगे। शाम 4 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज

**विदिशा।** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में दोपहर 3 से शुरू होगी। बैठक में जल मिशन की नल जल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की जाएगी। इस बैठक में वन मंडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपसंचालक, सम्राट अशोक संजय सागर के संचालक तथा जल निगम मर्यादित परियोजना क्रियान्वयन इकाई भोपाल के महाप्रबंधक मौजूद रहेंगे।

### गौ सेवा पर्यावरण समिति ने निकाली झंडा यात्रा




**विदिशा।** शिक्षकों की गौ सेवा पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति ने देवशयनी एकादशी पर कांच मंदिर शिवालय से खाटू श्याम मंदिर तक झंडा यात्रा निकाली। झंडा यात्रा में शिक्षक विजय कुमार श्रीवास्तव, अरविंद अवस्थी, हरिहर चतुर्वेदी, संजीव शर्मा, बृजेश, झलखन सिंह रघुवंशी, वीरेंद्र सोनी, नरेंद्र बांगडे, कमल सिंह राजपूत, लल्लू सिंह, साकेत अग्रवाल पवन सेन आदि मौजूद रहे। पिछले डेढ़ वर्ष से ग्यारस पर समिति द्वारा झंडा यात्रा निकालकर गोपाल कृष्ण गौशाला में भूत भूतेश्वर महादेव का अभिषेक कर गायों को घास खिलाया जाता है।

### राष्ट्रीय कैंप में हर्षवर्धन सिंह राजपूत का चयन

**विदिशा।** मप्र फुटबॉल संघ द्वारा जिला सीहोर में आयोजित अंडर 17 जूनियर बॉयज राष्ट्रीय कैंप में विदिशा के हर्षवर्धन सिंह राजपूत का चयन हुआ है 10 दिनों तक चलने वाले इस चयन और सिलेक्शन कैंप में चयन होने के बाद असम में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। हर्षवर्धन की इस सफलता पर विदिशा फुटबॉल संघ के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह राणा, जिला फुटबॉल सचिव चंद्र बहादुर थापा, विदिशा फुटबॉल संघ के कोच रविकांत नामदेव, पंकज भार्गव ने बधाई दी है।

एक स्थान पर कई दिनों से खड़ा है बिगड़ा ट्रक

# शादी के बाद बारात लौट रही थी वापस, ड्राइवर को नींद आने से मानोरा के पास खड़े ट्रक में घुसी बारातियों की पिकअप, एक मौत, 20 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 146 पर बुधवार सुबह भीषण दुघर्टना में एक बाराती की मौत हो गई। जबकि करीब 20 लोग घायल हुए हैं। घायलों को ग्यारसपुर के समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए 12 लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर किया गया है।

बारात से भारी पिकअप सीधी जिले के चुरहट गांव से नजीराबाद थाना क्षेत्र के भगक्वा गांव लौट रही थी। ग्यारसपुर के पास मनोरा में एक खड़े ट्रक में पिकअप घुस गई। गंभीर घायल हेमराज पिता बालकिशन गौर (40) की उपचार के दौरान मौत हो गई। बारातियों ने बताया कि ड्राइवर को नींद आने के चलते पिकअप वाहन खड़े ट्रक में घुस गया। सूचना पर एंबुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जिस ट्रक में पिकअप घुसी वह कई दिनों से हाईवे पर खराब हालत में खड़ा है।



### बस टकराने के बाद किराए पर ली थी पिकअप

दूल्हे गोलू गौर के ताऊ के बेटे धर्मेंद्र गौर ने बताया कि वे 14 जुलाई को बस से बारात लेकर निकले थे। 15 को सीधी के चुरहट पहुंचे। 16 को दुल्हन की विदा कराकर गांव के लिए निकले थे। रास्ते में मैहर के पास बस का एक्सीडेंट हो गया। कुछ बारातियों को चोटें आई थी। उनका मैहर में उपचार कराया। बस चलने के स्थिति में नहीं थी। ऐसे में मैहर से पिकअप वाहन किराए पर लिया। उसमें बारातियों को बैठाकर गांव के लिए रवाना हुए थे। रास्ते में सुबह करीब 6 बजे दुर्घटना हो गई। गाड़ी जब टकराई उस समय ज्यादातर लोग नींद में थे। तेज झटके और आवाज के साथ नींद खुली। कुछ देर तो समझ नहीं आया कि क्या हुआ। जो लोग थोड़े ठीक थे, उन्होंने गंभीर घायलों को वाहन से निकाला। कुछ समय बाद एंबुलेंस भी आ गई। सभी को अस्पताल लेकर आ गई। पांच-छह लोगों को सामान्य चोट आई है। 12 लोगों को विदिशा भेज दिया है। चार-पांच लोग यहीं अस्पताल में हैं।

बिना डिग्रीधारी डॉक्टरों पर कार्रवाई के लिए आज गठित होंगी टीमें

# सीएमएचओ बोले: किसी को नहीं छोड़ेंगे नियम विरुद्ध नहीं चलने देंगे क्लीनिक

- नगर में लंबे समय से नहीं हुई बिना डिग्री के झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मप्र की डॉ मोहन यादव सरकार ने गैर मान्यता प्राप्त यानि झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, लेकिन जिले में झोलाछाप डॉक्टरों पर अभी तक कार्रवाई शुरू नहीं की गई है।

हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जल्द ही टीम गठित कर बढ़े स्तर पर कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई के लिए सीएमएचओ कार्यालय में आज टीमों का गठन किए जाने की बात कही जा रही है। इन टीमों को जिलेभर में भेजकर जांच कराई जाएगी और नियम विरुद्ध पाए जाने पर अवैध क्लीनिकों को सील कर एफआईआर दर्ज कराने की बात सीएमएचओ कह रहे हैं। सीएमएचओ डॉक्टर योगेश तिवारी ने बताया की अवैध क्लीनिकों पर कार्रवाई करने के लिए टीमों का गठन किया जा रहा है। उन्होंने कहा की हमारे पास स्टाफ नहीं होता, अस्पताल से जितना स्टाफ मिल जाएगा उस हिसाब से टीमें गठित कर जांच कराई जाएगी। जो क्लीनिक नियमानुसार संचालित होते नहीं पाई गई उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। क्लीनिक को सील कर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जिले में सबसे अधिक अवैध क्लीनिक सिरोंज क्षेत्र में संचालि होती हैं। यहां करीब 250 से ज्यादा अवैध क्लीनिक हैं।

विदिशा शहर में करीब 125 से अधिक अवैध क्लीनिक हैं। जिनकी आज तक जांच नहीं हुई है। इतना ही नहीं कई झोलाछाप डॉक्टर तो मुख्यालय पर ही अवैध तरीके से नर्सिंग होम की तरह अपनी क्लीनिक संचालित कर रहे हैं। कई ऐसे डॉक्टर हैं जो अपनी पैथी से हटकर मरीजों का उपचार कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर में संचालित अवैध क्लीनिक में से सिर्फ 10 प्रतिशत क्लीनिक ऐसी हैं जिनके रजिस्ट्रेशन और पंजीयन हैं। शेष अवैध तरीके से सालों से चल रहीं हैं। न तो डॉक्टरों की डिग्री का पता है और न उनकी पैथी का और धड़ल्ले से नगर में अवैध क्लीनिक सालों से संचालित करते आ रहे हैं।

### अपात्रों पर कार्रवाई का जिम्मा सीएमएमएचओ पर

मप्र सरकार ने प्रदेश के सभी कलेक्टर और सीएमएचओ को गैर मान्यता प्राप्त यानि झोलाझाप डॉक्टर पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिले में निजी क्लिनिक्स और निजी अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा किया जाता है इसलिए गैरकानूनी तरीके से चिकित्सा कर रहे अपात्र व्यक्तियों पर कार्रवाई भी सीएमएचओ करें और हर महीने की जाने वाली कार्रवाई से शासन को अवगत कराएं, संचालनालय ने इसके लिय एक प्रपत्र भी पत्र के साथ भेजा है।




### सालों से नहीं हुई जांच, अवैध नर्सिंग होम तक हो रहे संचालित

जिले की बात करें तो सबसे अधिक अवैध क्लीनिक सिरोंज में हैं। वहीं त्योंदा, महलुआ चौराह, ग्यारसपुर में बड़े नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं यह सभी अवैध हैं, लेकिन इनकी जांच आज तक नहीं हुई है। यहां प्रतिदिन 100 से अधिक मरीज फर्जी डॉक्टर देख रहे हैं। जिनके पास न तो डिग्री है और न ही क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन और पंजीयन है।

### गठित करेंगे टीमें

शासन के निर्देश हैं तो प्रभावी तरीके से कार्रवाई की जाएगी। पूरे जिले में कार्रवाई की लिए टीमों का गठन किया जाएगा। नियम विरुद्ध चलने वाली क्लीनिकों को सील कर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।- **योगेश तिवारी,** सीएमएचओ विदिशा।

# सीएम हेल्पलाइन में झूठी शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कस्बा बागरोद

मप्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना सीएम हेल्पलाइन गलत उपयोग करना एवं झूठी शिकायत करने पर त्योंदा तहसीलदार ने दो अलग अलग मामलों में संबधित शिकायतकर्ताओं के खिलाफ त्योंदा थाना प्रभारी को प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के लिए लिखित आदेश दिया है।

एक मामला त्योंदा तहसील के ग्राम सुमेर दांगी का है। यहां के राकेश मालवीय ने सीएम हेल्प लाइन नंबर 181 पर शिकायत दर्ज कराई कि आदित्य एवं मनीष विश्वकर्मा मेरी जमीन पर अतिक्रमण एवं अवेध कब्जा किए हैं और जमीन को धोके से अपने नाम करा लिया। जिसके निराकरण के लिए तहसीलदार त्योंदा ने हल्का पटवारी से मौके पर जांच कराई। जिसमें पाया कि शिकायतकर्ता राकेश के पिता कंछेदी पुत्र हल्कु ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से 19 जून 2019 को आदित्य, मनीष विश्वकर्मा को जमीन बेची। विक्रय पत्र पर कंछेदी के निशानी अंगूठे के निशान भी लगे हैं। रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण स्वीकृत किया। शिकायतकर्ता को अवगत भी कराया गया। इसके बाद भी सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत कर दी गई। तहसीलदार अवदेश यादव ने बताया कि राजस्व विभाग के द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के संबंध में कोई कार्रवाई करना संभव नहीं है।

### सम्मान निधि मिलने के बाद भी कर दी शिकायत

इसी प्रकार कि शिकायतकर्ता सोनू रघुवंशी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त नहीं आने की शिकायत की। पटवारी से जांच कर प्रतिवेदन लिया गया। जिसमें पाया की शिकायतकर्ता को प्रधानमंत्री की 16वीं किश्त प्राप्त हो चुकी है। साथ ही उसको मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की 5 किश्तों का भुगतान हो चुका है। 2 किस्त अपडेट में हैं। उक्त शिकायत भी झूठी पाई गई। तहसीलदार अवदेश यादव ने संबंधित शिकायतकर्ता के विरुद्ध प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने के भी आदेश दिए हैं। थाना प्रभारी त्योंदा ने बताया कि तहसीलदार ने दो अलग अलग प्रकरणों मे लिखित आदेश जारी कर सीएम हेल्प लाइन पर झूठी शिकायत करने पर शिकायतकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने का पत्र प्राप्त हुआ है। जिसकी जांच कर संबधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# चिलचिलाती धूप के कारण बढ़ रहे सिर दर्द और ब्लडप्रेशर हाई होने वाले मरीज

**मौसम:** उमस और तेज धूप के कारण बीमार पड़ रहे बच्चे और बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अच्छी बारिश नहीं होने की वजह से लोगों को उमस से राहत नहीं मिल पा रही है। हल्की बारिश ने गर्मी को और बढ़ा दिया है। रोज आसमान में काली घटा छाती है पर बारिश नहीं होती। बुधवार को भी सुबह से आसमान में बादल छाए रहे, दोपहर

बुधवार को अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम 25 डिग्री रह सकता है। बारिश नहीं होने से कई इलाकों में धान की रोपाई अभी नहीं हुई है। पिछले 24 घंटे में विदिशा में 2.0, बासौदा में 0.0, कुरवाई में 1.4 ,सिरोंज में 1.0, लटेरी में 0.0, ग्यारसपुर में 15.0, नटेरन में 20.0, शमशाबाद में 21.5, पठारी में 0.0 और गुलाबगंज में 15 मिमी बारिश हुई है। जिले में एक जून से लेकर अब तक 304.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है, जबकि जिले की औसत वर्षा 1075.50 मिमी है।

जिले की तहसीलों में अब तक विदिशा में 279 मिमी, बासौदा में 211.8 मिमी, कुरवाई 374.8 मिमी, सिरोंज 242 मिमी, लटेरी में 501.1 मिमी, ग्यारसपुर में 271 मिमी, गुलाबगंज में 237 मिमी, नटेरन में 332 मिमी, शमशाबाद में 207 मिमी तथा पठारी तहसील में 321 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। बुधवार का दिन काफी उमस भर रहा। सुबह से ही इतनी चटक धूप निकली की बिना कूलर पंखे को लोग पसीने पसीने होते देखे गए। तीखी धूप निकलने के कारण सिर दर्द और ब्लडप्रेशर हाई होने वाले मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। शरीर में पानी की कमी होने से उल्टी- दस्त के मरीज भी बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं। वहीं निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। बारिश न होने के कारण किसान भी परेशान हैं।

### सट्टा-जुआ के जाल में फंसते जा रहे युवा

**आनंदपुर।** आनंदपुर सहित क्षेत्र में छात्र-युवा सट्टा, जुआ, अवैध शराब, नशीले पदार्थो में दिनों दिन फंसते जा रहे हैं। पुलिस की मिली भगत से सट्टे का कारोबार बिना किसी डर के चल रहा है। अगर कोई विरोध करता है तो उन्हें भी डराने लगते हैं। पुलिस की शह पर सट्टे का खेल कटरा मोहल्ला में जोर सोर से खुलेआम चल रहा है। कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले अब काफी बुलंद हो गए हैं। खुलेआम सट्टा के खेल में युवा,छात्र और भोले भाले ग्रामीण दलदल में फंस रहे हैं। सट्टे का धंधा चलाने वाले आबाद, खेलने वाले युवा बर्बाद हो रहे। सट्टे के मकड़ जाल में फंसकर कई ग्रामों की युवा पीढ़ी बर्बाद हो चुकी है। फिर भी पुलिस सट्टे के खाईबाजों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

# शिवसेना ने आबकारी विभाग के सामने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बुधवार को शिवसेना उद्धव ठाकरे पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में आबकारी विभाग के मुख्य कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया।

आबकारी विभाग के ठेकेदार पर विभाग द्वारा ही की गई जांच में ठेकेदार की कई दुकानों पर अनियमिताएं उजागर हुईं। कई प्रकरण ठेकेदार के खिलाफ बनाए गए थे। उसके बावजूद ठेकेदार के खिलाफ मामूली कार्रवाई की गई है। इसी को लेकर शिवसेना द्वारा धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमें ठेकेदार का अनुबंध निरस्त करने की मांग की गई। जिलेभर में दुकानों के माध्यम से शराब बेचने का ठेका एक ही ठेकेदार का होने के बाद ठेकेदार की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। विगत दिनों कलेक्टर के आदेश के बाद जिलेभर में कार्रवाई के दौरान ठेकेदार के खुली मनमानी उजागर भी हो चुकी है। इतना हीं नहीं कलेक्टर ने जिला समिति की बैठक तक में शराब ठेकेदार का ठेका निरस्त करने के अनुशंसा की थी, लेकिन शराब ठेकेदार के कर्मचारी अब भी मनमाने दामों पर शराब बेच रहे हैं। एमआरपी से अधिक दाम लिए जा रहे हैं।



**विदिशा।** आबकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते शिवसेना के कार्यकर्ता।

# लायंस क्लब इंटरनेशनल की रीजन मीट हुई 16 क्लबों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

होटल ग्रैंड अशोका में रीजन चेयरपर्सन लायन संध्या शिलाकारी द्वारा लायंस क्लब इंटरनेशनल की रीजन मीट आयोजित की गई। वे सत्र 24- 25 की रीजन चेयर पर्सन नियुक्त की गई हैं।

सत्र के आरंभ में ही उन्होंने 16 क्लबों के पदाधिकारियों को आमंत्रित कर स्कूलिंग का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि अतुल शाह, मुख्य वक्ता कमल भंडारी, विशेष अतिथि राम लखन यादव एवं विदिशा से शशि अग्रवाल एवं रीजन एडवाइजर शरद विश्वकर्मा टीकमगढ़ से पधारे। रीजन कोऑर्डिनेटर मुदित बंसल एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन रवि उपाध्याय कार्यक्रम के प्रभारी रहे। सभी स्पीकर अतिथियों द्वारा 2 घंटे की स्कूलिंग आयोजित की गई। जिसमें सागर, टीकमगढ़, गंजबासौदा, सांची, शमशाबाद, विदिशा के 16 लायंस क्लब पदाधिकारी ने भाग लिया। चारों जॉन चेयरपर्सन लायन आरती शर्मा, रेखा गुप्ता, राजेश जैन प्रीत एवं रोमांस नायक द्वारा भी उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन रीजन चेयरपर्सन संध्या सिलाकारी द्वारा किया गया। अंत में वरिष्ठ लायन लीडर सीएल गोयल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



बेतवा उत्थान समिति ने पहाड़ी पर पहुंचकर किया पौधरोपण

# देवशयनी एकादशी पर की उदयगिरि परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा ने मासिक उदयगिरि परिक्रमा के तहत बुधवार को देवशयनी एकादशी के अवसर पर बालाजी मंदिर से सुबह 7 बजे परिक्रमा शुरू की।

भगवान बालाजी एवं परिक्रमा ध्वज का पूजन कर प्रारंभ हुई परिक्रमा रामघाट बेहरा बाबा घाट, महल घाट, शनि मंदिर होते हुए पुट्ठा मिल माधोपुर उदयगिरि एवं उदयगिरि पर्वत की पवित्र गुफाओं का दर्शन करते हुए श्री चरण तीर्थ धाम पर बेतवा का पूजन किया गया। इसके बाद बालाजी मंदिर आकर यात्रा समाप्त हुई। इस बार की परिक्रमा में किसान वर्ग और सामान्य वर्ग को लाभ की कामना की गई। प्रार्थना सभी भक्तों द्वारा की गई। परिक्रमा में प्रमुख रूप से गजेंद्र प्रताप सिंह, जसवंत सिंह, सरदार कुशवाह, सरपंच सोनू कुशवाह, रघुवर दयाल उपाध्याय, विनोद श्रीवास्तव, उमेश ताम्रकार, विजय श्रीवास्तव, मूलचंद केवट, रामगिरी साहू, हल्के पटेल, सुदर्शन विश्वकर्मा, भुजबल विश्वकर्मा, रामेश्वर जी, मलखान सिंह, नेतराम कुशवाह आदि शामिल हुए। यह जानकारी मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष एवं परिक्रमा के संचालक पंडित संजय राजपुरोहित ने दी।



**उदयगिरि पहाड़ी पर रोपे पौधे:** विदिशा। बेतवा उत्थान समिति के सदस्य व नियमित श्रमदानिओं ने उदयगिरि पहाड़ी पर दर्जनों पौधे लगाए। श्रमदानियों ने नीम के बीज से तैयार कर 500 सीडवाल उन स्थानों पर फैकी गई जा गड्डे करने की गुंजाइश नहीं थी। उदयगिरि पहाड़ी पर लगाए गए पौधों में अर्जुन एवं नीम प्रजाति के पौधों की संख्या अधिक रही। समिति द्वारा 5000 सीडवाल तैयार कर शहर के ऐसे स्थानों पर फैकी जाएंगी जिन स्थानों को हराभरा करने की आवश्कता है। उन स्थानों पर गड्डे करना एवं पहुंचपाना कठिन है। समिति द्वारा गुरू पुर्णिमा के दूसरे दिन 22 जुलाई को लुहांगी पहाड़ी के ऊपर श्रमदान कर पौधरोपण किया जाएगा। उदयगिरि पहाड़ी पर श्रमदान व पौधरोपण के दौरान अतुल शाह, नीलकंड पंडित, संजय प्रधान, हितेन्द्र रघुवंशी, जितेंद्र दुबे, विनय जैन, रमेश मोदी, शिवराज सिंह दांगी, रघुवीर राठौर, सत्यनाराण नामदेव आदि मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### सीएम हेल्पलाइन का जानबूझकर दुरुपयोग करने पर हुई कार्रवाई

**त्योंदा।** मप्र शासन की महत्वपूर्ण योजना सीएम हेल्पलाइन का दुरूपयोग जानबूझकर करने वाले और झूठी शिकायत लगाने वालों के खिलाफ त्योंदा तहसीलदार द्वारा दो लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई गई है। यहां उल्लेखनीय है कि शिकायतकर्ता राजेश मालवीय निवासी सुमेरदांगी द्वारा शिकायत क्रमांक 27786359 से शिकायत लगाई थी। जिसमें भूमि पर अतिक्रमण अवैध कब्जा करने से संबंधित विवरण दर्ज कराया गया है जबकि शिकायतकर्ता के पिता कन्छेदी पुत्र हल्कू द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र कमांक MP 45 47 42019A1425201 दिनांक 19.06.2019 के माध्यम से मनीष, आदित्य विश्वकर्मा को विक्रय की है। लेकिन फिर भी शिकायतकर्ता द्वारा शिकयत 181 पोर्टल पर की गई। वहीं दूसरी शिकायत ग्राम रिटेहरी निवासी सोनू रघुवंशी द्वारा शिकायत क्रमांक 27621282 की गई थी। उसको मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा लेकिन शिकायतकर्ता को उक्त योजना की 7 किश्तें प्राप्त हो चुकी हैं लेकिन फिर भी 181 पोर्टल पर झूठी शिकायत की जा रही है। शिकायतकर्ता द्वारा अनावश्यक शिकायत कर शासन का समय नष्ट किया जा रहा है। अगर शिकायतकर्ता शिकायत बंद नहीं करता है तो ऐसी शिकायतों के निराकरण के लिये भी दिशा निर्देश जारी किए जाएं।

### बारिश न होने से लोग चिंतित, किसान परेशान

**गंजबासौदा।** इन दिनों इलाके भर में बारिश पूर्व की अपेक्षा कम हो रही है। जिसके कारण नदी, नालों का जलस्तर नहीं बढ सका है। साथ ही गर्मी और उसम से भी लोग परेशान हो रहे हैं। इलाके भर के किसान अपनी खरीफ फसल धान को लेकर चिंतित हैं पर्याप्त पानी न मिलने के कारण अनेक किसानों के खेतों में धान का रोपा नहीं हो पाया है। वहीं कुछ किसानों ने खेतों में गढ़े हटाकर दूसरी फसल की बोवनी कर दी है।

### इंदिरा देवी का निधन

**गंजबासौदा।** स्वर्गीय मनोहर लाल विश्वकर्मा की पत्नी एवं प्रदीप विश्वकर्मा शिक्षक की माताजी तथा अभय विश्वकर्मा की दादी इंदिरा देवी विश्वकर्मा का निधन हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास वार्ड नंबर 6 लड्डा एजेंसी वाली गली से बुधवार को सुबह पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

## लाखों की लागत से बनी मंडी सड़क की स्थिति ...



**गंजबासौदा।** कंजना पठार स्थित कृषि उपज मंडी के नवीन परिसर में सुविधाओं के विस्तार के लिए तमाम प्रकार के निर्माण कार्य तो प्रशासन द्वारा कराए जा रहे हैं, लेकिन उनमें गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। मंडी परिसर में सीसी रोड और सीसी रोड के बाद डामर भी डाला गया था। इस कार्य को कितनी गुणवत्ता के साथ किया गया था, यह चित्र को देखकर स्पष्ट समझा जा सकता है। चित्र में जो पोखर नुमा गड्ढे देख रहे हैं, यह मंडी का अंदर जाने का मेन रोड है जहां नीलामी के लिए ट्रैक्टर ट्राली आते हैं और जाते हैं। लेकिन इन गड्ढों को देखने से यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि सीसी रोड और उस पर डामरीकरण के बावजूद रोड पर इतने बड़े-बड़े गड्ढे कैसे हुए हैं। इसकी उच्च स्तरीय जांच कर कर संबंधित ठेकेदार और संबंधित इंजीनियर के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए क्योंकि इस बारिश के मौसम में किसानों एवं व्यापारियों को आने-जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### पूर्व में भी नगर से अनेक बच्चे हो चुके हैं गायब, नहीं लगा कोई सुराग

# नगर के वार्ड 3 से बच्चा चुराकर भागी किशोरी रेल्वे स्टेशन पर पकड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा










बुधवार को दोपहर के समय वार्ड क्रमांक 3 नई बस्ती में उस समय हड़कंप मच गया, जब घर के बाहर खेल रहे एक मासूम को एक अज्ञात किशोरी उठाकर ले गई। घटना को सीसीटीवी कैमरों में देखने के बाद परिजन और मोहल्ले के लोग किशोरी और बालक को तलाशने में जुट गए। कुछ देर बाद ही दोनों को रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने पकड़ लिया और वहां से उन्हें कोतवाली थाने भेज दिया गया। जहां किशोरी से पूछताछ की गई और बालक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 3 नई बस्ती निवासी मुकेश शर्मा का करीब डेढ़ साल का बेटा गर्व उर्फ गब्बू दोपहर में घर के बाहर खेल रहा था। कुछ देर बाद जब गर्व नजर नहीं आया तो परिजनों ने वहां से लगे सीसी टीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देखी। जिसमें पता चला कि गब्बू को एक अज्ञात किशोरी उठाकर ले गई है। इसके बाद परिजन और मोहल्ले के लोग उन्हें तलाशने में जुट गए।

उधर आरपीएफ जवान रघुवीर यादव ने बताया कि दोपहर में एक किशोरी एक बालक को लेकर ब्रिज पर लोगों से भीख मांग रही थी। तभी कुछ युवतियों को किशोरी की गोद में अच्छे घर का बालक देख हैरानी हुई और उन्होंने पूछताछ कर उसका फोटो खींच लिया। इस बीच किशोरी बालक को लेकर ब्रिज के दूसरी ओर रहवासी बस्ती में चली गई। इधर शंका होने पर इन युवतियों ने आरपीएफ जवान को यह सारी बात बताई। इस बीच बालक के परिजन भी किशोरी और बालक को तलाशते हुए आरपीएफ जवान के पास पहुंच गए। जहां उन्हें युवतियों द्वारा लिए गए फोटो दिखाने पर उन्होंने बालक को पहचान लिया। इसके बाद आरपीएफ जवान ने किशोरी को लोगों की मदद से पकड़ लिया और उससे बालक को बरामद कर लिया। बाद में दोनों को कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। जहां पुलिस ने बच्चे को परिजनों को सौंप दिया। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार पकड़ी गई किशोरी किसी गिरोह से संबंधित हो सकती है जो बच्चों को बेचने के लिए चुराने का काम करती होगी। किशोरी से पुलिस द्वारा चाइल्ड लाइन के सहयोग से पूछताछ की जा रही है। खबर लिखे जाने तक पुलिस की पूछताछ जारी है।

## छात्राओं को साइकिल भेंट की




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इनरव्हील क्लब के नवीन सत्र के शुभारंभ में क्लब के तत्वावधान में एक सेवा प्रकल्प आयोजित किया गया, जिसमें दो स्कूल जाने वाली छात्राओं सिद्धि और बुद्धि को स्कूल जाने के लिए नवीन साइकिल प्रदान की गई। क्लब कोषाध्यक्ष अनीता जैन ने बताया कि स्थानीय मानस भवन के समीप रहने वाली दो बालिकाएं सिद्धि और बुद्धि शर्मा को पैदल स्कूल जाने में बहुत असुविधा होती थी। जिसके चलते क्लब आईएसओ मिथिलेश शर्मा एवं राजेंद्र प्रसाद शर्मा द्वारा दोनों छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। ज्ञात हो कि मिथिलेश शर्मा एवं राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इस सेवा प्रकल्प को आयोजित किया, जोकि बहुत ही सराहनीय है। क्लब द्वारा इन दोनों की सराहना की गई। यदि लोग अपने जन्मदिन एवं वैवाहिक वर्षगांठ को सेवा के शुभ अवसर में बदलें तो समाज में सकारात्मक बदलाव आना संभव है। इस मौके पर क्लब कोषाध्यक्ष अनीता जैन, मिथिलेश शर्मा, मंडल सदस्य आशा अग्रवाल, योगिता राजपूत, अंजली राजपूत, बालिकाएं एवं उनकी माता उपस्थित थीं।

## नगर में मोहर्रम के अवसर पर ताजिया निकाले गए





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा/त्योंदा

बुधवार को मोहर्रम का त्यौहार नगर सहित ग्रामीण अंचलों में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा उत्साह के साथ मनाया गया। नगर में विभिन्न स्थानों से सवारियां निकाली गईं, वहीं दोपहर में अखाडे का भी प्रदर्शन किया गया। शाम को ताजियों का चल समारोह निकाला गया, जिनका बाद में करबला घाट पर विसर्जन किया गया। वहीं त्योंदा तहसील के ग्राम रसूलपुर में मोहर्रम के अवसर पर ताजिया निकाले गए एवं त्यौहार श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। जिसमें क्षेत्र की महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए। वहीं ग्राम उदयपुर मोहर्रम के अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा ताजिया निकाले गए। इस दौरान युवक अखाड़े में हैरतअंगेज प्रदर्शन करते हुए मुख्य मार्ग से कर्बला घाट की ओर निकले, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### वायुसेना के अधिकारियों ने विश्रामगृह में बैठक आयोजित कर दी जानकारी

**गंजबासौदा।** भोपाल से 15 वायु सेना चयन केंद्र से आए हुए वायु सेना अधिकारी सार्जेंट राजीव, एके सिंह, जेलर आलोक भार्गव, उत्कृष्ट उमावि के प्राचार्य एमसी शर्मा, अनिल दुबे, अजय सिंह, पूर्व सैनिक रामबाबू, मुकेश खन्ना, अभय शर्मा, अजित रघुवंशी आदि ने बुधवार को विश्रामगृह में अग्निवीर योजना के अंतर्गत अग्नि वीर वायु के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जेलर आलोक भार्गव ने अपने उद्बोधन में योजना को बेहद ही सफल और देश की जरूरत बताया। वहीं सार्जेंट द्वय ने बताया कि वायु वीर के लिए 8 जुलाई से 28 जुलाई तक पंजीयन किए जा रहे हैं। इस संबंध में गतदिवस चार स्कूलों में विद्यार्थियों को योजना की जानकारी देते हुए वायुसेना में भर्ती के लिए प्रेरित किया गया। वहीं अब आगामी दिनो में स्कॉलर्स स्कूल, सेंट जोसफ स्कूल, उत्कृष्ट उमावि और कन्या मंडी शाला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर अधिकारियों ने विभिन्न शंकाओं का भी समाधान किया। कार्यक्रम में हजारीलाल पाटस्कर, आरती ताम्रकर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। गुरुवार को सेना के तीनों अंग आर्मी, नेवी और एयरफोर्स शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक साथ होंगे और तिरंगे का मान बढ़ाएंगे।



### लाउड स्पीकर बंद होने से वार्डवासी हो रहे परेशान

**गंजबासौदा।** विगत दो तीन दिनों से वार्ड क्रमांक 9 पचमा बायपास क्षेत्र में घर घर कचरा उठाने आने वाले नगरपालिका के वाहन का लाउड स्पीकर बंद है। जिस कारण से वार्डवासियों को वाहन के आने की जानकारी नहीं मिल पाती। जब तक वार्डवासी कचरा लेकर आते हैं, तब तक वाहन चला जाता है। जिससे घरों से निकलने वाला कचरा बड़ी मात्रा में एकत्रित हो रहा है। रहवासियों ने नपा से कचरा वाहन का लाउड स्पीकर शीघ्र दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

### अधिवेशन की तैयारियों को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

# 31 जुलाई को नगर में आयोजित होगा प्रांतीय अधिवेशन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आगामी 31 जुलाई को नगर में आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय कवि संगम मध्य भारत प्रांत के प्रांतीय अधिवेशन की तैयारियों के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विस्तृत जानकारी देते हुए मध्य भारत प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष आशीष दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक बाबूजी जगदीश मित्तल एवं मध्य भारत प्रांत के प्रभारी राष्ट्रीय मंत्री सुमित ओरछा की सहमति से मध्य भारत प्रांत का प्रांतीय अधिवेशन एवं दस्तक काव्य पाठ प्रतियोगिता मध्य भारत प्रांत कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 31 जुलाई 2024 को गंजबासौदा में किया जा रहा है जिसमें नगर के नवोदित एवं वरिष्ठ कवियों सहित देशभर के प्रतिष्ठित कवि अपनी काव्य प्रस्तुतियां देंगे।

नगर के बरेठ रोड स्थित दाद्जी प्लाजा में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उक्त आयोजन के सम्बंध में आयोजन की व्यवस्था एवं रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई विदिशा के पदाधिकारियों, नगर के कवि एवं साहित्यकारों की बैठक ज्ञानदीप विद्या मंदिर स्कूल , शान्ति नगर गंज बासौदा में आयोजित की गई। जिसमें आयोजन के सम्बंध में सभी की जिम्मेदारियां एवं दायित्व निर्धारित किए गए। इस आयोजन के लिए नगर के सभी जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित करने के लिए एक संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर पौधा रोपण का अयोजन भी किया गया।

बैठक में राष्ट्रीय कवि संगम मध्य भारत प्रान्त के प्रान्त अध्यक्ष कवि आशीष दुबे 'अग्निदूत', उपाध्यक्ष कवि नीलेश चतुर्वेदी 'धांसू', राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई विदिशा उपाध्यक्ष कवि संजय श्रीवास्तव 'प्रज्ञा', वरिष्ठ कवि कमलेश सोनी सहित कवि शुभम भोला, कवि मोहित भार्गव, कवि राजकुमार अहिरवार 'प्रेरणा', कवि पं. राम शर्मा नौराजखेड़ी एवं बालकवि अनन्त चतुर्वेदी उपस्थित थे। प्रान्त उपाध्यक्ष नीलेश चतुर्वेदी ने बैठक में पधारे सभी कवियों का आभार व्यक्त करते हुए अपेक्षित सहयोग प्रदान कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में हुई मरीजों की जांच




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को सद्गुरु विज़न सेंटर पर डॉक्टर राजकरण वर्मा ने 100 मरीजों के नेत्रों का परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताएं और उनसे अनुरोध किया कि वह प्रत्येक माह में अपने नेत्र परीक्षण कराएं। ताकि नेत्रों से होने वाली परेशानियों से सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले एवं मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संघठन के जिला अध्यक्ष गणेशराम रघुवंशी ने कहा कि स्वर्गीय रणछोड़ दास की कृपा से आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा 50000 से अधिक ऑपरेशन निशुल्क किए जाते हैं, जो कि एक अनुकरणीय उदाहरण हैं। इस अवसर पर समाजसेवी विजय अरोरा, संजीव शर्मा, दिनेश वर्मा, आनंद मिश्रा, रामकुमार, सरदार सिंह सिसोदिया सहित नागरिकगण उपस्थित थे। नेत्र शिविर में 43 लोगों को दवाइयों का वितरण किया गया, वहीं 13 से अधिक लोग मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित किए गए, 23 मरीजों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई। वहीं 13 लोगों को ऑपरेशन के पश्चात चश्मे भी प्रदान किए गए। सुनील बाबू ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा मरीज को ऑपरेशन के पश्चात निःशुल्क काला चश्मा एवं दवाई प्रदान किया जा रहे हैं। उन्होंने नेत्र रोगियों से अनुरोध किया कि वह ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का लाभ उठाएं।

## खबर संक्षेप




### अभाविप ने किया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**सिरोंज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में नगर के कुरवाई रोड स्थित अनंत श्री गार्डन में छात्र सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर कक्षा 10 एवं 12 वीं के सभी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विभाग संयोजक विवेक विश्वकर्मा, प्रांत सहमंत्री मुस्कान सेन, प्रांत सह एसएफएस प्रमुख वंदना यादव,विभाग प्रमुख विनोद किरार की उपस्थिति में मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अभाविप द्वारा अतिथियों का गुलदस्ता व स्मृति चिंह देकर सम्मान किया गया। छात्र सम्मेलन में मुख्य वक्ता मुस्कान सेन ने संगठन के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के समापन पर मंचासीन अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आभार पूर्व नगर उपाध्यक्ष नंदू शर्मा ने जताया। पूर्व नगर मंत्री रिषी सुमन,भाग विस्तारक सौरभ प्रजापति, विवेक ठाकुर, राहुल शर्मा, विशाल दुबे, दीपक केवट, शुभम दांगी, आदि अभाविप कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**सागर।** मध्यप्रदेश में हाथकरघा क्षेत्र के उत्कृष्ट एवं परम्परागत संस्कति के संरक्षण करने वाले बुनकरों को प्रोत्साहित करने के लिए कबीर बुनकर प्रोत्साहन योजनान्तर्गत वर्ष 2023-2024 के हाथकरघा बुनकरों द्वारा स्वयं उत्पादित उत्कृष्ट प्रविष्टिया जिलें के बुनकरों से हाथकरघा कार्यालय, सागर में 29 जुलाई सायं 6 बजे तक स्वीकार की जावेगी। योजना में प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार पचास हजार एवं ततीय पुरस्कार पच्चीस हजार रुपये, प्रतीक चिन्ह तथा श्रीफल प्रदान किया जाएगा।

### प्रशमन शुल्क जमा करने की समय सीमा 31 अगस्त

**सागर।** शासन के आदेश अनुसार 1 जनवरी 2021 के पूर्व जारी भवन अनुज्ञा के अंतर्गत निर्मित भवनों को अप्राधिकृत निर्माण को प्रशमन शुल्क जमा कर 31 अगस्त तक वैद्य करा सकते हैं। 30 प्रतिशत तक अप्राधिकृत निर्माण को वैध कराने के लिए अब कलेक्टर गाइड लाइन के हिसाब से 12 से 18 प्रतिशत तक कम्पाउंडिंग शुल्क चुकाना होगा। संबंधित नागरिक अपने भवनों का प्रशमन 30 प्रतिशत की सीमा तक एबीपीएएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर उनको वैध करने की प्रक्रिया कर सकते हैं। या नगर निगम सागर की भवन भूमि शाखा में संपर्क कर सकते हैं, इसलिए 31 अगस्त के पहले 30 प्रतिशत अप्राधिकृत निर्माण को वैध कराए जाने का लाभ ले।

### ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की सरल ऑनलाइन प्रक्रिया

**सागर।** आम नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं प्रदान करने की दृष्टि से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को और अधिक सरल किया गया है। अब कोई भी आवेदक लर्निंग लाइसेंस, नवीन ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन, नवीनीकरण अथवा ड्राइविंग लाइसेंस में अन्य श्रेणी के आवेदन के साथ रजिस्टर्ड चिकित्सक द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म 1ए में मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल 2021 के पूर्व उक्त मेडिकल सर्टिफिकेट मैनुअल तरीके से जारी किए जाने का प्रावधान था। मेडिकल काउंसिल में रजिस्टर्ड चिकित्सक पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म 1ए में मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें एनआईसी के सारथी पोर्टल पर पंजीयन कराना आवश्यक है। ज्यादा सुविधाएँ प्रदान करने की दृष्टि से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को और अधिक सरल किया गया है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एकता पब्लिक स्कूल में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज।



एक पेड़ मां के नाम अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करते हुए एकता पब्लिक स्कूल की छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य ने कहा कि हमारे स्कूल का हर छात्र अगर एक पौधा लगाएगा तो आने वाले समय में हमारी प्रकृति खुशहाल होगी और हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिल पाएगी। वही उन्होंने छात्रों से अपने घर व आसपास क्षेत्रों में एक पौधा अवश्य लगाने की अपील की। सीआरसी शोएब खान ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी। पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके। वही ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रकृतिक आपदाओं को कम करने के लिए पौधरोपण जरूरी है। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे और प्राकृतिक वातावरण काफी शुद्ध व स्वच्छ है। इस प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। समय रहते ही प्राकृतिक को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिन में पृथ्वी पर निवास करने वालो को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा अतः प्राकृतिक को बचाने के लिए आम लोगों को प्राकृतिक की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम की आयोजक चारू सोनी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए पेड़ लगाना बहुत ही अच्छी पहल है परंतु पेड़ लगाकर उसकी देखभाल करना बड़ी बात है। लोग अत्यधिक पौधे लगाकर उसकी देखरेख करना भूल जाते हैं। इसलिए एक पेड़ माँ के नाम एक बहुत ही अच्छी पहल है पेड़ की देखभाल भी माँ की तरह ही करनी होगी। तब ही पेड़ लगाने का उद्देश्य पूरा होगा। इस अवसर पर सीआरसी शोएब खान, अशासकीय शिक्षण संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर शर्मा, पत्रकार शब्बू गौरी आदि मौजूद रहे।

## बिजली की मांग को लेकर किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# शिकायत: पर्याप्त बिजली न मिलने से धान की फसल हो रही है बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

जुलाई का आधा माह निकल चुका है और क्षेत्र में न के बराबर बारिश हुई है। शहरी क्षेत्र और या फिर ग्रामीण क्षेत्र चारो ओर पानी के लिए नागरिक परेशान है। तो वही दूसरी और विकासखण्ड सिरोंज में धान का उत्पादन करने वाले किसान फसल के लिए पर्याप्त बिलजी न मिलने से परेशान है। मंगलवार को दर्जनों किसानो ने बिजली की समस्या को लेकर कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ के नेतृत्व में तहसील कार्यालय में तहसीलदार संजय चौरसिया को ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि किसानो को धान के लिए पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिल पा रही है। कई दिनों से फॉल्ट एवं लोड सेटिंग की समस्या के चलते किसानों को मिलने वाली 10 घंटे की बिजली महज 4 से 5 घंटे ही मिल पा रही है। जिससे धान उत्पादक किसानों के पौधे सूख रहे हैं साथ ही जहां जैसे तैसे किसानों ने धान का पौध रोपा कर दिया है उन किसानों की लगी लगाई पौध भी ख़राब हो रही है। जिससे किसानों में बिजली कम्पनी के लिए काफी नराजगी हैं। साथ ही किसानों ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा 6 घंटे दिन में और 4 घंटे लाइट रात में देने का प्रावधान है जो कि किसानों के साथ बड़ा अन्याय है क्योंकि रात्रि के समय सांप कीड़े ओर अन्य जानवरो से भी खेतिहर मजदूरों ओर किसानों को खतरा बना रहता है कई बार खेतों पर रात्रि में काम करते समय मजदूर एवं किसानों को जहरीले जानवरो ओर करंट लगने की घटनाओं का सामना करना पड़ता हैं। इन परिस्थितियों से निपटने के लिए दिन में एक ही किस्त में 10 घंटे किसानों को बिजली प्रदान करने की बात कही।

### हालात नहीं सुधरे तो चलाना पड़ेगा धान खेतों में पंजा



किसान खूब सिंह रघुवंशी ने कहा कि यदि धान के खेतों में बिजली की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो पाई तब ऐसी स्थिति में धान के खेतों को बखरना पड़ेगा। एक तो हमने पहले ही महंगे दामों पर धान का बीज खरीदकर इसके साथ ही रोपा डालने में भी बहुत अधिक लागत आ रही है ऐसे में यदि जनरेटर चलाकर खेतों में पानी की व्यवस्था करना पड़ी। तब तो खेतों को बखेरना ही ठीक रहेगा। किसान तोरण सिंह ने कहा कि बिजली कर्मचारियों द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कटौती चल रही है। जिससे धान वाले किसानों को मात्र 5 से 6 घंटे ही लाइट मिल पा रही है जो कि धान की पैदावार को बहुत कम कर देगा। सब्दलपुर के किसान मेहरबान अहिरवार ने कहा कि सोयाबीन की फसल से अच्छा धान की फसल मुनाफा अधिक देती है लेकिन लगता है बिजली कंपनी की मेहरबानी से धान की खेती करना बन्द ही करना होगा।

### पूर्व में भी दिए जा चुके ज्ञापन

किसानों को पर्याप्त मात्रा में बिजली न मिलने की समस्या को लेकर पूर्व में भी कलेक्टर महोदय के नाम एसडीएम सिरोंज को ज्ञापन सौंपा गया था। लेकिन फिर भी बिजली विभाग द्वारा किसानों को खेती के लिए पर्याप्त बिजली नही दी जा रही है। जिससे किसानो की फसलें खराब हो रही है। बिजली कर्मचारियों द्वारा केवल वसूली पर ध्यान दिया जा रहा है किसानों की धान की फसले बर्बाद हों जाए तब भी अधिकारियों को कोई फर्क नहीं पड़ता दिखाई दे रहा है। मोहन रघुवंशी, जिला अध्यक्ष कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ जिला विदिशा ने कहा, यदि प्रशासन ने किसानो की समस्या पर जल्द से जल्द ध्यान नही दिया तो मजबूरन किसानों को बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## चारों और महंगाई की मार, आम आदमी का जीना दुश्वार: सेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलिगेट व केश शिल्पी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष विनोद सेन ने कहा कि केंद्र की भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की व्यवस्था से आम आदमी का महंगाई से बुराहाल हो गया है। जून में थोक महंगाई बढ़कर 16 महीनों के ऊपरी स्तर 3.36 प्रतिशत पर पहुंच गई है। फरवरी 2023 में थोक महंगाई दर 3.85 प्रतिशत थी। मई में थोक महंगाई बढ़कर 15 महीनों के ऊपरी स्तर 2.61 प्रतिशत पर थी। इससे पहले अप्रैल 2024 में 1.26 प्रतिशत थी। यह भी 13 महीने का उच्चतम स्तर था। खाद्य महंगाई दर मई के मुकाबले 7.40 प्रतिशत से बढ़कर 8.68 प्रतिशत हो गई। उधर, रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई दर 7.20 प्रतिशत से बढ़कर 8.80 प्रतिशत हो गई है। केंद्र की भाजपा शासित व्यवस्था में आमजन का जीना मुश्किल होता जा रहा है। गांव,गरीब किसान और मजदूर सबसे ज्यादा परेशान है। वही उन्होने कहा कि मित्र के विवाह उत्सव में शामिल प्रधानमंत्री भूल गए हैं कि जहां शानो-शौकत दिखाने के लिए करोड़ों रुपए लुटाए जा रहे हैं, वहां एक बड़ी आबादी भूख से परेशान है।

### सिरोंज पत्रकार महसंघ ने की कई नियुक्तियां






सिरोंज। सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने संघ का विस्तार करते हुए जफर उल्लाह को पत्रकार महासंघ का उपाध्यक्ष मनोनीत किया। इसी के साथ कोषाध्यक्ष पद हेतु अब्दुल अलीम, महासचिव जुनेद अहमद, सचिव अरबाज खान शेखू को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर महासंघ के सदस्यों ने बधाइयां दी।

### शासकीय अस्पतालों में टीबी का उपचार निःशुल्क

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोर ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी , बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते है। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का इलाज संभव है। व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का ईलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को ईलाज लेने पर 500 रूपये पोषण के लिये प्रदान किये जाते है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी से बचने के लिये सभी स्वास्थ्य सेवायें जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संस्थाओं पर संपर्क कर टीबी की जांच व उपचार से बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है।

### महासभा की बैठक का आयोजन 21 को

**सागर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन गोलापूर्व महासभा की बैठक का आयोजन 21 जुलाई को किया गया है। महा सभा के महामंत्री चक्रेश शास्त्री ने बताया कि कटरा वार्ड स्थित पुरानी गल्ला मंडी रोड पर वर्णी वाचनालय सभागार में आयो जित बैठक में पिछली बैठक की कार्रवाई का वाचन एवं पुष्टि होगी। आगामी परिचय सम्मेलन के स्थान चयन एवं तिथि निर्धारण पर विचार होगा। साथ ही आगामी परिचय सम्मेलन के कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की जायेगी। मालूम हो कि महासभा द्वारा लगभग दो दशक से परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही पिछले वर्ष सर्वाधिक परिचय संकलन करने वाले संकलन कर्ताओं का सम्मान किया जायेगा।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण



**सागर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 17 जुलाई को वृहद पौधरोपण आयोजित किया गया। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 5 जून से 15 अगस्त 2024 तक आयोजित होने वाले वृहद वपौधरोपण अभियान अंतर्गत 17 जुलाई को प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में वनमंडल दक्षिण, सागर के समन्वय से जैव विविधता पार्क, राजघाट में विशेष पौधरोपण शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वृक्षों का महत्व वर्णित करते हुए सभी से अधिक से अधिक पौधे रोपित किए जाने हेतु अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा, डी. एफ़.ओ. दक्षिण सागर महेन्द्रप्रताप सिंह, विशेष न्यायाधीश प्रदीप सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश सिंह राणा, जिला मुख्यालय सागर पर पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी योगेश बंसल, रेंजर रवि सिंह, वन विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा पौधे रोपित किये गये।

### दिव्य रंग एकता वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा पौधरोपण



**सागर।** दिव्य रंग एकता वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा जीवन दायनी प्रकृति मे पौधरोपण किया और सभी से वृक्ष लगाने की अपील की। संस्था रंगकर्म के क्षेत्र में सक्रिय है। रंगकर्मी अनामिका सागर ने कहा एक पेड़ मां के नाम अवश्य ही लगाएं और न केवल पोधा लगाएं बल्कि उसकी सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाएं। अपने पूर्वजों की याद में भी पौधे जरूर लगाएं, जिन्होंने हमें ये हरी भरी वसुंधरा दी है। हम भी आने वाली पीढ़ी के लिए स्वक्षजल और वायु की व्यवस्था कर सकें। जैसे हम जीवन में हर छोटी बड़ी चीजों का ध्यान रखते हैं ठीक वैसे ही हमे प्रकृति का ध्यान रखना ही है। यह व पौधरोपण छावनी परिषद के जॉगर्स पार्क में किया गया जहां आम, शहतूत, हरा गुलाब, बरगद और अन्य पौधे रोपित किए गए एवं दान किए । इस अवसर पर संस्था के सदस्य, रंगकर्मी और कार्यकर्ता शामिल हुए जिसमे अनवी साहू, एकता रायकवार, विवेक साहू, अमित अहिरवार, सोनाली माझी, अर्पित सागर, अश्विनी सागर, आशुतोष बनर्जी, सतीश रायकवार, मोनिका माझी, शिवम मिश्रा, अंकिता सागर, विपिन राज, अनुभव श्रीवास, अजय रायकवार, अमित प्रजापति उपस्थित रहे।

## बालाजीपुरम स्थित नवनिर्मित मंदिर में हुई भगवान नर्मदेश्वर महादेव जी की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



पंतनगर वार्ड स्थित निहिल स्विमिंग पूल के पीछे बालाजी पुरम-2 में नवनिर्मित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा में विधायक शैलेंद्र जैन ने पंतनगर वार्ड पार्षद नीरज गोलू कोरी एवं तिली वार्ड के पूर्व पार्षद सुबोध पाराशर के साथ उपस्थित होकर का धर्म लाभ लिया। नमदेश्वर मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव के साथ ही नंदी,गणेश जी, माता पार्वती जी, कार्तिकेय जी, हनुमान जी एवं मां दुर्गा की प्रतिमाओं की भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। आचार्य हरगोविंद मुडोतिया एवं हरिओम मुड़ोतिया ने 13 से 15 जुलाई तक संपूर्ण विधि-विधान से भगवान नर्मदेश्वर महादेव जी की प्राण-प्रतिष्ठा कराई। इस अवसर पर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष गुलाबचंद सोनी, उपाध्यक्ष विजय साहू, द्वारका प्रसाद कोष्टी, भगवान दास पटेल, जयंत मिश्रा, अमन कोष्टी, मोहन साहू, कृष्णकांत, नामदेव अमित पटेल, राहुल सोनी, राहुल कोरी, सचिन ठाकुर, लक्ष्मी नारायण मिश्रा नागरिक उपस्थित थे।

### बाबा ने सभी अरकान पूरे करते हुए ली रुखसती

# जामा कॉम्प्लेक्स वाले बाबा की सवारी गश्त करती हुई पहुंच गई करबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



हजरत सैय्यद अहमद मक्की चिश्ती रह.अ.जामा काम्पलेक्स तीनबत्ती वाले बाबा की सवारी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माह मुर्हरम की 10 तारीख को शहर गश्त पर निकली। सवारी प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष अशरफ खान ने बताया कि बाबा की सवारी 10 मोहर्रम बुधवार को बाद नमाज असिर शनीचरी चौगना स्थित मौनू बाबा के निवास स्थान से प्रारंभ होकर डिप्टी फर्स से झील वोट क्लब से तीन मढ़िया,बस स्टेण्ड से होकर बकौली तिराहा से तिली रोड स्थित करबला घाट पहुंची जहां बाबा ने सभी अरकान पूरे करते हुये रूकसती ली। सबारी प्रबन्ध कमेटी ने गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाबा की सवारी गश्त के दौरान प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने व शामिल होने वाले तथा जिला एवं पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।गश्त के दौरान बाबा की सवारी मे जावेद , शेख असलम, असरफ खान, राजीव, ओम चौरसिया, मो. आसिफ, इरशाद, सलमान, अरविंद रावल, फारूक, मुह. इमरान, संजय रैकवार, मो. सगीर, अर्श खान, अयाज खान, अयान खान, अबुजर खान, सुहैल बाबा, फारुख, सोहेल मिर्जा, तौफीक बेग, बकील खान, गोलू रैकवार, राजा, धर्मेंद्र रावल सहित बाबा के खिदमतदार व श्रद्धालुओं की विशेष रूप से उपस्थिति रही।

## कियोस्क संचालक ने महिला के बैंक खाते से निकाली राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

रहली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम छपरा की एक महिला के बैंक खाता से कियोस्क संचालक के द्वारा राशि निकालने के मामले को लेकर रहली थाना प्रभारी से इसकी लिखित शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की गई है। थाना प्रभारी को आवेदिका सुनीता रानी पत्नी खुमान सिंह घोषी (55) निवासी छपरा ने कियोस्क संचालक अमित पिता कमलेश कुर्मी निवासी जूना के खिलाफ शिकायत की है। शिकायत में लेख किया गया कि उनका भारतीय स्टेट बैंक शाखा रहली के अंतर्गत कियोस्क खाता क्रमांक 36452704336 ग्राम जूना से संचालित है। उक्त कियोस्क बैंक का संचालन अमित कुर्मी करता है। उन्होंने 12 जुलाई को जब अपने कियोस्क बैंक खाते से 5 हजार रूपए निकाले तब उन्हें मालूम चला कि उनके बैंक खाता से पिछली तारीखों में भी राशि निकाली गई है। उन्होंने आवेदन में लेख किया कि उनके बैंक खाते से वर्ष 2024 में 9 जून को 2500, 11 अप्रैल को 3300, 2 मार्च 3200 रूपए निकाले गए। इसके अलावा वर्ष 2023 में 12 अक्टूबर को 2 हजार, 29 सितंबर 200, 14 जुलाई 1 हजार, 29 जून 3 हजार, 5 मार्च 2 हजार, 21 जून 2 हजार, 23 मई को 2 हजार की राशि निकाली गई। इस तरह उनके बैंक खाता से वर्ष 23-24 में उक्त तारीखों के दौरान करीब 21 हजार 200 रूपए निकाले गए। उन्होंने जब बैंक स्टेट मेंट निकाला तब उन्हें यह जानकारी मिली। आवेदन में उल्लेख किया गया कि उन्हें ऐसी आशंका है कि यह राशि अमित कुर्मी ने निकाली है। इसके पूर्व 5 माह पहले अमित कुर्मी ने 4500 रुपये उनके बैंक खाते से निकाल लिए थे। तब उन्होंने इसकी पुलिस थाने में शिकायत की थी। जिसके बाद उसने उक्त राशि लौटा दी थी।

### पार्कों को स्वच्छ बनाने चलाया गया अभियान

सागर। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शहरी स्वच्छता को संवहनीय बनाए रखने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों के परिपेक्ष्य में नागरिक सहभागिता से विशेष सफाई अभियानों के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की स्वच्छता गतिविधियां और विभिन्न जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जा रहा है। इस तारतम्य में नगर निगम आयुक्त के निर्देश अनुसार 16 जुलाई को स्मारको और पार्कों को स्वच्छ बनाने के लिए एक दिवसीय विशेष सफाई अभियान चलाया गया और नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। अभियान के अंतर्गत शहर में स्थित प्रतिमाओं की विशेष सफाई कराई गई।

### वन परिक्षेत्र पूर्व में रेंजर के नेतृत्व में वन कर्मी तथा ग्रामीण कर रहे पौधों का रोपण

# अतिक्रमण से मुक्त कराई 100 एकड़ भूमि पर प्रारंभ किया गया पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

क्षेत्र को हराभरा बनाने व संपूर्ण वन क्षेत्र को हरियाली से आच्छादित किए जाने को लेकर वन विभाग सिलवानी के द्वारा कार्य योजना तैयार की गई है तय कार्य योजना पर कार्य भी प्रारंभ कर दिया है इस में खास तौर पर ग्रामीणो से सहयोग लिया जा रहा है। सामान्य वन मंडल रायसेन की रेंज सिलवानी के परिक्षेत्र पूर्व में तथाकथित लोगो के द्वारा करीब 100 एकड़ भूमि पर कब्जा किया जा रहा था, जिसे कि वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व क्षेत्र आदर्श मिश्रा के प्रयासो से विफल किया गया था मुक्त कराई गई भूमि पर वृहद स्तर पर पौधरोपण किए जाने का कार्य भी किया जा रहा है। इस अभियान से क्षेत्र हरियाली से आच्छांदित रहेगा।

वन परिक्षेत्र पूर्व सिलवानी की बीट मुआर, खमकुंआ, खेरी खोदरा, हथनापुर, महका, तिनधरा तथा डाबरी में तथाकथित वन माफियाओं द्वारा करोड़ो रुपए मूल्य की कीमती 100 एकड़ भूमि पर कब्जा किया जा रहा था। जिसे कि वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व क्षेत्र आदर्श मिश्रा द्वारा भूमि पर किए जारहे कब्जे को विफल करते हुए भूमि को मुक्त कराया गया। भूमि मुक्ति अभियान में वनकर्मियो के द्वारा सक्रिय भूमिका निभाई जाकर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया।

#### बड़े स्तर पर किया जा रहा पौधरोपण

वन विभाग के द्वारा मुक्त कराई गई कब्जे की भूमि पर विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया जा रहा है, इसके अतिरिक्त विभाग की अन्य भूमि पर भी पौधरोपण तथा प्लांटेशन का कार्य भी वृहद स्तर पर किया जा रहा है। इस अभियान में वनकर्मी जहां तंमयता के साथ जुटे है, बल्कि ग्रामीणों का भी सहयोग लिया जा रहा है।



#### हरियाली से आच्छादित होगा वन परिक्षेत्र पूर्व क्षेत्र

*100 एकड़ भूमि पर किए किए जा रहे कब्जे को विफल किया गया। कब्जे से मुक्त कराई वन भूमि तथा स्वंय की अन्य भूमि पर वन विभाग के द्वारा वृहद स्तर पर पौधेरोपण किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि 25 हजार से अधिक पौधो का रापेण किया जाना हैं पौधरोपण अभियान प्रारंभ किया जा चुका है। बरसात के मौसम में ही पौधरोपण किया जाता है, ताकि पौधो को पानी मिल सके और वह पल्लवित हो सके। हालांकि प्रत्येक साल वन विभाग के द्वारा स्वयं की तैयारी से वन क्षेत्र में पौधरोपण करता है। वृहद स्तर पर पौधेरोपण किए जाने से आने वाले समय में समूचा वन क्षेत्र हरियाली से आंच्छादित होगा।*

#### बरसात के मौसम में बढ़ जाती है कब्जे की घटनाएं

*प्रत्येक वर्षा ॠतु के आगमन के साथ ही वन भू-माफिया जंगल की जमीन पर अतिक्रमण करने हेतु सक्रिय हो जाते हैं तथा जंगल की जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से या जंगल से लगी अपनी जमीन का रकबा बढ़ाने के उद्देश्य से अवैध रूप से अतिक्रमण करते हैं। जिससे धीरे-धीरे जंगल का क्षेत्र कम हो जाता है। विभिन्न बीटो में भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था जिसे कि वनकर्मियों के द्वारा विफल किया जाकर 100 एकड़ भूमि को सुरक्षित किया।*

#### एक पेड़ मां के नाम

*केंद्र सरकार के द्वारा एक पेड़ माॅ के नाम अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत राजस्व, पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, कृषि उपज मंडी, पुलिस विभाग, सहित अन्य विभागो के द्वारा पौधेरोपे जाने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विभिन्न पौधो का रोपण किया जाकर देखरेख किए जाने का संकल्प भी लिया जा रहा है। मुख्यालय सहित ग्रामीण अचंलो में ग्रामीणो में भी पौधरोपण अभियान के तहत पौधे रोपे जाने का कार्य गणमान्य नागरिको, स्वयंसेवी संस्थाओ आदि के द्वारा किया जा रहा है। वन परिक्षेत्र अधिकारी मिश्रा ने अतिक्रमण को वनों के प्रति अत्याधिक खतरा बताते हुए कहा कि यदि हमारे पास में जमीन ही नहीं होगी तो वृक्ष कैसे लगाये जा सकते हैं। मिश्रा ने परिक्षेत्र से लगे ग्रामों में जाकर ग्रामीणों को अतिक्रमण एवं जंगल न होने से मानव समाज को क्या-क्या हानि हो सकती है इसके बारे में जानकारी दी। तथा ग्रामीणों से सहयोग का आग्रह किया ।*

#### वृहद स्तर पर हो रहा पौधरोपण

अतिक्रमण मुक्त कराई गई 100 एकड़ भूमि के अतिरिक्त अन्य भूमि पर भी वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। मात्र पौधरोपण करना ही विभाग का उद्देश्य नही है, बल्कि रोपे गए पौधे की सुरक्षा भी कर्मचारियों के द्वारा जिम्मेदारी से किया जाता है। पौधे बड़े होकर पेड़ बनेगें। बल्कि क्षेत्र भी हरा भरा दिखाई देखा, इससे प्रदूषित होते पर्यावरण में भी सुधार होगा।

**आदर्श मिश्रा,** वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व रेंज सिलवानी

### परिजन पहुंचे सलामतपुर थाने

## कॉलेज जाने घर से निकली 22 वर्षीय युवती हुई लापता

◆ एक अन्य मामले में विकलांग व्यक्ति की पत्नी भी है लापता




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना अंतर्गत एक 22 वर्षीय युवती जो घर से कॉलेज जाने का कहकर निकली थी वो लापता हो गई है। घटना 16 जुलाई की बताई जा रही है। काफी खोजबीन के बाद भी जब युवती का कोई पता नही चला तो पिता ने सलामतपुर थाने में लड़की की गुमशुदगी दर्ज कराई है। थाने पहुंचे प्रभुलाल पिता फूल सिंह वंशकार निवासी दीवानगंज ने बताया कि उनके 4 बच्चे हैं। सबसे बड़ी लड़की मोहनी वंशकार उम्र 22 वर्ष भोपाल के सेम कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है।

वह प्रतिदिन दीवानगंज से बस में बैठकर कॉलेज जाती है। 16 जुलाई को भी वह घर से सुबह 7:50 पर कॉलेज जाने निकली थी। लेकिन जब शाम 7 बजे तक भी घर वापस नही आई तो पिता प्रभुलाल ने बस ड्राइवर संजय को फ़ोन किया तो उसने बताया कि मोहनी तो आज कॉलेज गई ही नही थी। परेशान पिता ने रिश्तेदारी में पता किया लेकिन मोहनी का कहीं कोई पता नही चल सका। अब उन्होंने लड़की को ढूंढने में पुलिस की मदद मांगी है।

#### पति से हुई पत्नी की लड़ाई, घर से लापता

*समीपस्थ गांव गाडरखेड़ी में रामकिशन रावत का परिवार रहता है। जो मेहनत मजदूरी करके अपना गुजर बसर कर रहा है। रामकिशन के 8 बच्चे हैं। जिनमें 7 लड़के और 1 लड़की है। इनके सभी बच्चों की शादी हो चुकी है। और सभी अपने परिवार के साथ गांव में ही अलग अलग रहते हैं। 16 जुलाई को इनके बड़े लड़के राजू रावत जो एक पैर से विकलांग है का अपनी पत्नी कला बाई उम्र 40 वर्ष से किसी बात पर लड़ाई झगड़ा हो गया था। पत्नी कला बाई गुस्से में बिना बताए घर छोड़कर कहीं चली गई है। काफी खोजबीन की लेकिन कला बाई का कहीं पता नही चला। अब विकलांग राजू रावत ने पुलिस से पत्नी को ढूंढने की गुहार लगाई है।*

#### इनका कहना है

2 अलग अलग मामलों में 1 युवती और 1 महिला बिना बताए लापता हैं। परिजनों की रिपोर्ट पर दोनों की तलाश की जा रही है। दोनों को शीघ्र ही दस्तयाब किया जाएगा।

**- दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर

## तारण तरण जैन समाज की भूमि से रास्ता नहीं दिए जाने पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

तारण तरण जैन समाज सिलवानी की स्वयं के स्वत्व की भूमि जो कि खसरा क्रमांक 5,2/1/2 करेड़ी मे स्थित है। इस भूमि पर से कतिपय व्यक्ति के द्वारा राजस्व अधिकारियो से मिल कर स्वयं के खेत पर जाने के लिए अनाधिकृत रुप से रास्ता लेने का प्रयास किया जा रहा है, जिसकी जैन समाज ने कड़ी निंदा की है तथा एसडीएम को इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा है।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि तारण तरण जैन समाज के स्वत्व की भूमि पर भूमि खसरा क्र० 5,2/1/2 कुल रकवा 0.482 हेक्टेयर स्थित ग्राम कलेंडी तहसील सिलवानी में स्थित है जिसका मालिकाना हक भी समाज के पास है तथा समाज समिति उस भूमि पर काबिज है, उक्त भूमि राजेश कुमार साहू से समाज द्वारा बीते सालों क्रय की थी।

उक्त भूमि से संबंधित रास्ता विवाद का प्रकरण राजेश विरूद्ध दिनेश वर्तमान में तहसीलदार के समक्ष रास्ता से संबंधित विचारण चल रहा है। उक्त प्रकरण पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष चला था परंतु अनुविभागीय अधिकारी द्वारा उक्त प्रकरण तहसीलदार को जॉच हेतु रिमांइड किया है। उक्त भूमि से जाने हेतु कभी भी आम रास्ता नहीं रहा है जबकि दिनेश जैन द्वारा रास्ता उसकी पिता के नाम की भूमि पर जाने हेतु बेबुनियाद रास्ता चाहता है। दिनेश संबंधित भूमि का भूमि स्वामी भी नहीं है उसके उपरांत बगैर पिता की उपस्थिति के भूमि से जाने हेतु अनैतिक रास्ता चाह रहा है।

#### बड़ी संख्या में ज्ञापन सौंपने पहुंचे समाजजन

*दिनेश जैन के पिता मदन चंद जैन की भूमि पर जाने हेतु कई वर्षों पुराना रास्ता पेट्रोल टैंक के सामने से जाने हेतु रास्ता पूर्व के कई वर्षों से रहा है जिससे वह व अन्य लोग आते जाते रहे है और वर्तमान में भी उसी रास्ते को उपयोग में लेकर कृषि कार्य कर रहे है। श्री तारण तरण दिगंबर जैन समिति के द्वारा क्रयशुदा भूमि से कभी भी दिनेश जैन के पिता मदन चंद जैन की भूमि पर जाने हेतु रास्ता कभी भी नहीं रहा है। ज्ञापन में स्पष्ट रुप में कहा गया है कि दिनेश जैन द्वारा जो रास्ता चाहा जा रहा है वह अनैतिक है उक्त भूमि पर से जाने हेतु रास्ता न दिया जाये। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री, सांसद, कलेक्टर आदि को भी प्रेषित की गई है।*

### सिर में चोट का निशान परिजनों को हत्या की आशंका, पुलिस ने मर्ग दर्ज कर लिया जांच में

## खेत के साइड से नाले में मिला किसान का शव,फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बेगमगंज जनपद क्षेत्र अंतर्गत महुआ खेड़ा कला गांव में शाम 6 बजे अपने खेत पर गए किसान का शव खेत के साइड से नाले में डला हुआ मिलने से सनसनी फैल गई।

परिजन किसान को उठाकर बेगमगंज अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के सिर में चोट का निशान होने से परिजन पारिवारिक जमीनी विवाद के चलते हत्या की आशंका व्यक्त कर कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि मामला क्या है।



आपको बता दें कि महुआ खेड़ा कला निवासी किसान मोजी लाल पिता तुलाराम लोधी उम्र करीब 65 वर्ष मंगलवार की शाम करीब 6 बजे अपने खेत पर गे थे घर वापिस नहीं लौटे तो परिजनों ने खोजबीन की तब उनकी डेड बॉडी खेत के साइड से नाले में मिलने से चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया।

ग्राम चौकीदार की सूचना पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर बुधवार की सुबह पीएम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

इस संबंध में उपनिरीक्षक संदीप पवार का कहना है कि अभी स्पष्ट नहीं है कि मामला क्या है पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा मार्ग कम कर जांच शुरू कर दी है।

## शासन प्रशासन का नहीं खनिज नीति पर ध्यान, निर्माण कार्य हो रहे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी।

प्रदेश में रेत परिवहन से लेकर खनिज परिवहन पर जो भी कार्यवाही हुई हों उससे रायसेन जिले वासियों को कोई सरोकार नही किंतु जिले में जिस तरह रेत, गिट्टी, कोपरा आदि खनिज पदार्थ पर शासन प्रशासन ने पूर्णता प्रतिबंध लगाया है उसके चलते जिले में निर्माण बाधित होते दिखाई दे रहे है।

बता दें नर्मदा से रेत पर लगे प्रतिबंध पर इस वर्ष प्रशासन पहली बार कठोर कार्यवाही करते देखा जा रहा है पूर्व में खदानें केवल कागजों में प्रतिबंधित रहती थीं वास्तविकता कुछ और ही रहती थी जिसके चलते शासकीय निर्माण हो या गरीबों के निर्माण कार्य हों किसी को निर्माण कार्य की वस्तुओं का अधिक मूल्य नही चुकाना पड़ता था किंतु विगत एक माह से जिले की समस्त रेत खदानें पूर्णता प्रतिबंधित होने के कारण जो रेत क्षेत्र में 12 रुपये फिट के हिसाब से मिलती थी वही अब जमाखोरों के चलते 60 रुपये फिट में भी मिलना मुश्किल हो रही है।

#### रेत परिवहन पर अब तक क्यों नहीं बनी नीति?

*प्रशासन की कार्यवाही तो ठीक किन्तु शासन प्रशासन जनता को यह बताने में असमर्थ देखी जा रहा है कि आखिर रेत परिवहन पर विगत एक माह से अब तक कोई नीति क्यों नही बनी? आखिर कब तक शासकीय निर्माण कार्य से लेकर गरीबों के निर्माण कार्य बाधित होते रहेंगे?। आज जिले में हजारों डम्फर हजारों ट्रेक्टर ट्रॉली संचालक जो इसी रेत के व्यपार से अपने परिवार का पालन पोषण और वाहनों की किस्तों की भरपाई करते थे वह भूखा मरने की कगार पर हैं। कई व्यपारियों के वाहन प्राइवेट फायनेंस कम्पनियों ने खींच लिए तो कई व्यपारी वाहन बेंचकर मजदूरी करने पर आतुर हुए।*

*अफसोस शासन प्रशासन और ठेकेदार के तालमेल ना बैठने के कारण आज जिले के हजारों लोग जो इस व्यपार से अपना परिवार पाल रहे थे बह सड़कों पर आ खड़े हुए हैं ।शासन प्रशासन जल्द ही यदि इस मामले में अपना उचित निर्णय नही लेता तो यह बात तय है कि कोई बड़ी घटना घटेगी जिसकी बदनामी भाजपा सरकार को स्वयं झेलनी पड़ेगी।*

## हर परिषद ने निर्माण कार्यों को दी तवज्जो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

हमेशा की तरह नगर परिषद में नवीन परिषद के सत्ता संभालने के बाद पहली प्राथमिकता निर्माण कार्य को दी जाती है मूलभूत सुविधाओं के नाम पर मनमानी निर्माण कार्य को मूर्तरूप देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाती है।

मौजूदा परिषद राष्ट्रीय राजमार्ग 12 के फुटपाथ का सौंदर्यकरण कर रही है जिसे थाने के सामने से लेकर तहसील कार्यालय तक नाली की परधी निर्माण एवं ब्लाक लगाने का कार्य किया जा रहा है कछुआ चाल से जारी उस कार्य से राष्ट्रीय राजमार्ग की यातायात का दबाव वाला एक तरफ रोड कई दिनों से लगभग बंद सा हो गया है। रोड पर रेत गिट्टी फैली रहने से आवागमन एक चौथाई जगह से हो रहा है।

बताया जाता है कि जिस ठेकेदार को फुटपाथ के सौंदर्यकरण का ठेका सौंपा है उसके पास संसाधनों की किल्लत है। यह ठेका भी लाखों का बताया जा रहा है इस फुटपाथ पर दुकानदारों ने कब्जा जमा रखा था दुकानों के विक्रय योग के सामान जमा रखा था माना जा रहा है कि सौंदर्यकरण के बाद दुकानदारों को तो और बेहतर सुविधा मिल जाएगी परंतु आमजन को कितनी सुविधा मिलेगी यह देखना होगा।



निवृत्तमान परिषद ने भी अपने कार्यकाल में निर्माण कार्यों को तवज्जो दी। बस स्टैंड पर नगर परिषद कार्यालय का पुनर्निर्माण किया गया। इस बस स्टैंड का यात्री प्रतीक्षालय, गंदगी, बदबू से सराबोर रखा गया। असामाजिक तत्व भी मौजूद रहते हैं। इसी प्रकार, नगर परिषद कार्यालय का नवीन कार्यालय एवं मंगल भवन का बाजार रोड पर निर्माण किया गया।

जाहिर-सी बात है कि उन निर्माण कार्यों पर लाखों खर्च किए गए होंगे। करोड़ों की लागत वाली जलावर्धन योजना के पाइप डालने में गली-मोहल्लों एवं मुख्य मार्गों की खुदाई कर दी गई परंतु पाइप डालने के बाद पुनः रोड की मरम्मत की जहमत नहीं उठाई गई। लाखों-करोड़ों के इन निर्माण कार्यों से आमजन को नाममात्र की सुविधा मिल रही है और नगर परिषद को इससे कोई आर्थिक लाभ नहीं मिल पा रहा है।

#### इनका कहना है

कुछ जगह का अतिक्रमण बचा है अतिक्रमण हटाकर जल्द फुटपाथ सौंदर्यीकरण का काम पूर्ण किया जाएगा।

**- निरुपमा एस.यादव,** सीएमओ नगर परिषद बाड़ी

### परंपरागत रूप से मनाया गया मोहर्रम का पर्व

**रायसेन।** नवासए रसूल हजरत इमाम हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ कर्बला के मैदान में हक और सच्चाई के लिए जो बेमिसाल कुर्बानी पेश की थी वह रहती दुनिया तक याद की जाती रहेगी। उस कुर्बानी की याद में मनाया जाने वाला मोहर्रम का त्योहार नगर साहित ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत रूप से मनाया गया। मुस्लिम त्योहार कमेटी के नेतृत्व में आशूरा 10 मोहर्रम का जुलुस निकाला गया जो विभिन्न रास्तों से गुजरा। अखाड़े के प्रदर्शन उपरांत समापन किया गया। वहीं चांद की 6 तारीख से रात में बराबर सवारियां निकाली जाती रहीं। सवारियों पर सभी वर्गों के लोगों द्वारा नाल पेश कर लोभान छोड़कर मन्नते पूरी करने की गुहार लगाई गई। ताजियों के जुलूस में अखाड़े के युवाओं ने अखाड़े के करतब दिखाकर मनमोह लिया।

## भूमि पर से कब्जा हटाने का आदेश पारित दल गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

5 सदस्य दल को 3 दिवस में अनाधिकृत कब्जा हटाने के आदेश कार्यालय तहसीलदार तहसील बाड़ी जिला रायसेन के आदेश क्र. 462 रीडर 2 अभिलेख 2024 आवेदिका कांताबाई पुत्री राम चरण जाति पूर्विया निवासी ग्राम जमुनिया तहसील बाड़ी के द्वारा अपनी भूमि पर से अनाधिकृत के द्वारा किए गए अभेद रूप से कब्ज़ा हटाए जाने का पत्र एवं निवेदन कार्यालय तहसीलदार को किया है।

भूमि पर किए अवैध कब्जा हटा ने का निवेदन पत्र प्रस्तुत किए जाने के उपरांत आदेश को अनाधिकृत भूमि पर कब्जाधारियों को भूमि से बेदखल करने का आदेश पारित किया गया है एवं आदेश की सूचना भी जारी की गई है। कांताबाई पुत्री रामचरण की भूमि पर अवैध कब्ज़ा हटाने कार्यालय तहसीलदार बाड़ी द्वारा अनाधिकृत भूमि पर से कब्जा हटाने हेतु 5 सदस्य दल का गठन किया है। जिसमें सतीश चौधरी राजस्व निरीक्षक भारकच्छ कलां, नीरज पटवारी ग्राम जमानिया, श्रवण आचार्य पटवारी मनकापुर, नेकलेस लोधी पटवारी गूगलवाड़ा सहित सीमांकन दल को निर्देशित किया है कि वह कांताबाई की भूमि से अवैध कब्जा हटवाकर कांताबाई से संतुष्टि पत्र सहित प्रतिवेदन एवं पंचनामा न्यायालय बाड़ी के समक्ष तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करें अब देखना है समय सीमा पर आदेश का कितना पालन होता है।

#### इनका कहना है

भूमि पर से कब्जा हटाने टीम गठित कर दी गई है जल्द कार्यवाही की जाएगी।

**- प्रमोद कुमार,** तहसीलदार बाड़ी

### अच्छी बारिश न होने से धान लगाने में पिछड़ रहे किसान

## किसानों को झमाझाम बारिश का इंजतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

क्षेत्र के किसान धान की रौपई के लिए अपने स्तर पर पूरी तैयारियां कर चुके हैं। लेकिन अचानक से मौसम में बेरुखी के चलते किसान की बनाई क्यारियां सूखी पड़ी हैं। वहीं दूसरी ओर जो किसान पूर्व में धान की रोपाई कर चुके हैं। वह भी आज पानी की कमी और गर्मी के कारण दम तोड़ने की कगार पर हैं। किसान जैसे तैसे व्यवस्था कर कम पानी में ही क्यारियां मचाने को मजबूर हैं।

इस साल धान का रकबा बढ़ाने का अनुमान है। पिछले साल 55 हजार हेक्टेयर में लगने वाली धान इस वर्ष लगभग 65 हजार हेक्टेयर से अधिक में लगाई जानी है। जिन किसानों ने मूंग नहीं बोई थी। उन किसानों ने पूर्व से ही धान की क्यारियां बनाकर मानसून की पहली बारिश में धान की रोपाई कर दी है। लेकिन इस रोपी गई धान की क्यारियां बारिश नहीं होने के कारण सूखती जा रही हैं। ऐसी स्थिति में किसान की लगाई गई लागत को लेकर किसान की चिंताएं बढ़ गई हैं। लेकिन बारिश नहीं होने के कारण किसान बारिश का इंतजार कर रहा है।



अगर स्थिति ऐसी ही रहती है तो इस साल किसानों को भारी नुकसान होना तय है, क्योंकि पिछले साल भी बारिश नहीं होने के कारण किसानों को अपनी फसल पर बखर चलाना पड़ा था, जिससे भारी नुकसान झेलना पड़ा था और अब इस साल भी मौसम की बेरुखी के चलते किसानों के चेहरे उतरे हुए है।

#### धान की फसल को होती है पानी की सख्त जरूरत

जानकारों का कहना है कि फसल निर्धारित समय में पक कर तैयार हो जाना चाहिए। यदि निर्धारित समय से अधिक समय में फसल तैयार होती है, तो ऐसी फसलों के लिए मौसम, तापमान और पेड़ की ग्रोथ (कूचा वनना) नहीं होने के कारण उत्पादन पर काफी फर्क पड़ता है। साथ ही नई-नई बीमारियां फसल को प्रभावित करती हैं। जिससे किसान को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

हालांकि नहरे चालू होने के कारण कुछ हद तक किसानों को धान रोपाई के दौरान राहत मिलेगी। लेकिन इतने बड़े क्षेत्र में धान रोपाई के लिए बारिश के पानी की आवश्यकता है।

### शाम को हुई बारिश से मिली राहत

## उमस-गर्मी से परेशान लोग, बढ़ रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में अभी तक तेज बारिश का दौर शुरू नहीं होने के चलते बीमारियों ने पैर पसारना शुरू कर दिए, जिससे जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। वहीं हर दिन तेज धूप के साथ उमस, गर्मी लोगों को बेहाल कर रही है। हालांकि बुधवार को शाम के समय बारिश होने से मौसम ठंडक घुलने से राहत मिली। लेकिन जिस मौसम में बारिश होनी चाहिए उस समय गर्मी बनी हुई है। यही वजह है कि मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ने लगा है। जिला अस्पताल सहित प्राइवेट डॉक्टरों के क्लीनिकों में मरीजों की खासी भीड़ देखी जा रही है।



जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अनिल ओढ़ ने बताया कि मौसम में परिवर्तन होने से लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। इसके चलते सर्दी, जुकाम और वायरल फीवर के मरीज प्रतिदिन ओपीडी में ज्यादा देखे जा रहे।